# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–18 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जारी, प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती ने अलग अलग संसदीय सीटों के लिए किया चुनाव प्रचार
- आज थम जाएगा लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का प्रचार अभियान, बीस मई को चौदह लोकसभा सीटों के लिए डाले जाएंगे वोट
- लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए नाम वापसी के आखिरी दिन कुशीनगर और घोसी लोकसभा सीट से एक एक निर्दल प्रत्याशियों ने नाम वापस लिये
- उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष व प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट जूनियर 30 के डबल्स के फाइनल मैच के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**********

लोकसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और स्टॉर प्रचारकों का प्रचार अभियान जारी है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन कल हमीरपुर, फतेहपुर और बाराबंकी में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने हमीरपुर में कहा कि विपक्षी दल संविधान की अवहेलना करते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा–एनडीए का माहौल है। श्री मोदी ने बाराबंकी की रैली में तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अब बंगाल में शरण ले चुकी है और उनका राजनीतिक गठबंधन सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए है। फतेहपुर में श्री मोदी ने कहा कि भाजपा सबका साथ–सबका विकास, सबका विश्वास–सबका प्रयास के मंत्र पर चलती है।

***भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास इस पवित्र मंत्र पर चलती है मुफ्त अनाज हो, मुफ्त इलाज हो, पक्का घर हो, गैस का सिलेंडर हो या जल से जल हो, ये बिना भेदभाव सबको दिया जाता है।***

केन्द्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कल पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रायबरेली में जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि इंडी अलाएंस परिवारवादी गठबंधन है, यह लोग सिर्फ अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था कायम करने का काम योगी आदित्यनाथ सरकार ने किया है।

रक्षामंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कल बलिया और देवरिया में पार्टी प्रत्याशियों के लिये वोट मांगे।

श्री सिंह ने वादा किया कि केन्द्र में तीसरी बार सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि विश्व कल्याण के लिये भाजपा भारत को महाशक्ति बनाना चाहती है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यह दोनों पार्टियां लुप्त हो जायेंगी।

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने कल बाराबंकी, बलरामपुर और अयोध्या में जनसभाओं को संबोधित किया। श्री योगी ने आरोप लगाया कि गठबंधन के लोग गरीबों को आटा और डाटा देने का वादा कर रहे हैं, लेकिन अपनी सरकार के समय उन्होंने गरीबों के राशन और रोजगार पर डकैती डाली थी। उन्होंने कहा कि इस पीढ़ी का सौभाग्य है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। उन्होंने विपक्ष पर समाज को जाति के नाम पर लड़ाने और संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया।

रायबरेली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संयुक्त जनसभा की। जनसभा में सोनिया गांधी ने कहा कि रायबरेली से गांधी परिवार का सौ साल पुराना रिश्ता है। उन्होंने भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि रायबरेली को वह अपना बेटा सौंप रही हैं। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में सरकार ने देश के किसानों, महिलाओं और गरीबों की पुकार नहीं सुनी है, जनता अब बदलाव चाहती है।

इससे पहले राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने अमेठी में संयुक्त जनसभा कर इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील की।

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में युवाओं को रोजगार के लिये भटकना पड़ा है। सरकार ने किसानों और युवाओं के लिये कुछ नहीं किया है।

***अमेठी में लाखों युवा है जिनको नरेन्द्र मोदी ने बेरोजगार बनाय। नोटबंदी की, गलत जीएसटी की, ये आप का अपमान है हम अमेठी के युवाओं को हिन्दुस्तान के युवाओं को एक अधिकार देने जा रहे है पहली नौकरी पक्की का अधिकार।***

अखिलेश यादव ने युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार ने जानबूझकर पेपर लीक कराए, जिससे युवाओं को रोजगार ना देना पड़े। सपा प्रमुख ने शाम को लखनऊ में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो किया।

उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रतापगढ़ में कल जनसभा के दौरान भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से ही गरीबों को राशन दिया गया है, इसलिये अब लोग इस प्रलोभन में नहीं फंसेंगे।

**********

सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने कल भाजपा की सदस्यता ले ली। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कल रायबरेली में उन्हें पार्टी में शामिल कराया।

**********

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए प्रचार अभियान आज शाम समाप्त हो जाएगा । इस चरण में प्रदेश की चौदह सीटों पर बीस मई को मतदान होगा। यह सीटें हैं मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा । इस चरण के देश की चर्चित सीटों में शामिल लखनऊ लोकसभा सीट पर पिछले आठ चुनावों से जीत हासिल कर रही भाजपा ने वर्तमान सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को तीसरी बार अपना प्रत्याशी बनाया है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर सपा ने लखनऊ मध्य से विधायक रविदास मेहरोत्रा को मैदान में उतारा है। वहीं बहुजन समाज पार्टी ने सरवर मलिक को प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा इस सीट पर सात अन्य प्रत्याशी भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

पांचवे चरण की कैसरगंज सीट पर होने वाले मतदान को देखते हुए कल शाम पांच बजे से बीस मई को मतदान समाप्ति तक के लिए बहराइच जनपद से लगने वाली भारत–नेपाल सीमा को सील कर दिया गया । बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि इस अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी करने के लिए एसएसबी कमाण्डेंट या उनके द्वारा नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को अधिकृत किया गया है।

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की तेरह सीटों पर नाम वापसी की प्रक्रिया कल समाप्त हो गयी । इसके साथ ही शेष बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिये गये । कुशीनगर संसदीय सीट पर कल एक निर्दल प्रत्याशी उत्कृष्ट मौर्य ने अपना नाम वापस ले लिया। अब इस लोकसभा सीट पर नौ प्रत्याशी चुनावी मैदान में बचे हैं। घोसी लोकसभा सीट पर भी कल एक निर्दलीय उम्मीदवार चंदन चौहान ने अपना नाम वापस ले लिया। अब इस सीट पर अट्ठाइस प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। महराजगंज, मिर्जापुर, गोरखपुर और चंदौली सीट पर कल किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इस तरह मिर्जापुर और चंदौली सीट पर दस–दस प्रत्याशी, गोरखपुर सीट पर तेरह प्रत्याशी और महराजगंज सीट पर आठ प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे।

इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट समेत दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिये एक जून को मतदान होगा।

**********

उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ जूनियर 30 के बालिका वर्ग डबल्स के फाइनल मैच के विजेताओं को कल एसोसिएशन के अध्यक्ष और प्रसार भारती के चेयरमैन नवनीत सहगल ने लखनऊ में पुरस्कृत किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन लगातार प्रयासरत है–

***उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने का और जो हमारी खेल प्रतिभाएं हैं उनको कम्पटीशन का मौका देने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती है ये वर्ल्ड टेनिस जो हमारी फेडरेशन है उसका यहां हमने ऑर्गेनाइज किया हुआ है ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के सहयोग से और इसमें लगभग दो सौ बच्चे भाग ले रहे हैं और उसमें तीन बच्चे विदेश से भी आए थे। अमेरिका, यूक्रेन और नेपाल से और ग्यारह तारीख से इसका जो है फार्मल राउंड शुरू हुआ हुआ है और जिसका आज और कल दो दिन इसका समापन है मुख्य उद्देश्य ये है की जो हमारे यहाँ प्रतिभाएं हैं उनको आपस में खेलने का मौका मिले और जो विदेशी प्रतिभाएं है उनके साथ कम्पीट करने का मौका मिले तो उनकी जो प्रतिभा है उसको निखारने का अवसर मिलेगा उस मकसद से ये टूर्नामेंट आयोजित किया गया है।***

**********